an>

title: Need to provide immediate financial help and relief material to the farmers distressed due to severe drought situation in Maharashtra.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली)** ः महाराष्ट्र में विशेषतः मराठवाड़ा में भयानक सूखे की स्थिति उत्पन्न हुई है। मराठवाडों के जिलों में लगातार दो साल से किसान सूखे से ग्रस्त हैं। किसानों द्वारा आत्महत्या की प्रवृत्ति चरम सीमा पर है। राज्य सरकार इस स्थिति से निपटने में पूरी तरह असमर्थ हो रही है। मनरेगा के तहत कामों की शुरूआत न होने से हज़ारों किसान परिवार अपना घर छोड़कर काम के लिए भटक रहे हैं। स्कूल में जाने वाले बच्चे अपनी शिक्षा छोड़ने पर मजबूर हैं। जानवरों को खाने के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता न होने की वजह से किसान कम कीमतों पर जानवरों को बेचने के लिए मजबूर हैं। जहां लोगों को पानी मिलना मुश्किल है, वहां जानवरों को पानी उपलब्ध कराना और भी मुश्किल है।

इस भयावह स्थिति से निपटने के लिए मेरा आग्रह है कि सरकार तुरंत कदम उठाए और 50,000 रूपए की सहायता राशि तथा पानी और अनाज किसानों को उपलब्ध कराएं।